**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**28.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में अब तक 14 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी–मौनी अमावस्या पर कल होगा दूसरा अमृत स्नान।
- नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमुडा को पर्यटन आधारित परियोजनाओं के निर्माण को प्राथमिकता प्रदान करने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस को सनातन के प्रति नजरिया बदलने व सम्मान देने की दी सलाह।
- प्रदेश में मौसम साफ रहने से तापमान में वृद्धि–मौसम विभाग ने कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की जताई सम्भावना।

समाचार विस्तार से..........

**महाकुम्भ**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में कल मौनी अमावस्या के अवसर पर दूसरा अमृत स्नान होगा। इस दिन अमृत स्नान बहुत शुभ माना जाता है। पहला अमृत स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन हुआ था। महाकुम्भ में आज शाम तक साढ़े 4 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया जबकि अब तक कुल 14 करोड़ 76 लाख श्रद्धालु महाकुम्भ में डुबकी लगा चुके हैं। महाकुम्भ के दौरान 10 लाख से अधिक श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज रिकांगपिओ में जिला स्तरीय विकास योजना व 20 सूत्रीय कार्यक्रम समिति के तहत आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये कार्यक्रम राज्य में गरीबी उन्मूलन व वंचित वर्गों के जीवन में सुधार लाने के लिए अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। जगत सिंह नेगी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत नई योजनाएं शुरू की गई हैं। बैठक में वन अधिकार अधिनियम 2006 पर विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए। इस बीच जगत सिंह नेगी ने जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता भी की। उन्होंने कहा कि गैर सरकारी सदस्यों द्वारा लाई गई अधिकतर शिकायतों का समाधान किया गया है और किन्नौर के विकास के लिए सभी विभाग बेहतर कार्य कर रहे हैं।

**धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमुडा को पर्यटन आधारित परियोजना के निर्माण को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। आज शिमला में हिमुडा के निदेशक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि शिमला के निकट जाठिया देवी में बनने वाली माउंटेन सिटी परियोजना शिमला की भीड़ को कम करने की दिशा में सहायक साबित होगी। उन्होंने हिमुडा की परिसम्पतियों की जियो टैगिंग की आवश्यकता पर भी बल दिया। राजेश धर्माणी ने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक क्षेत्रों में परियोजनाओं का निर्माण करने के हिमुडा को निर्देश दिए। बैठक में कांगड़ा जिला की ज्वालामुखी तहसील के मौहल भाटी में एक सौ 25 कनाल भूमि की खरीद को स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान जिला के नरघोटा में प्रस्तावित पर्यटन गांव परियोजना की भी समीक्षा की गई।

## दुर्घटना

सोलन जिला के अर्की से प्रयागराज महाकुंभ के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक निजी बस कल रात कौशाम्बी–फतेहपुर सीमा पर कनवार के पास एक क्रेन से टकरा गयी जिससे इसमे सवार 31 श्रद्धालु घायल हो गए हैं। सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि कौशाम्बी ज़िला के सिराथू के उपमण्डलाधिकारी से प्राप्त सूचना के अनुसार घायलों में 6 व्यक्तियों को अधिक चोट लगने और एक व्यक्ति के गम्भीर रूप से घायल होने की सूचना है। दुर्घटना में अर्की उपमण्डल के धार ब्राहमणा के 75 वर्षीय तुलसी राम शर्मा के गम्भीर रूप से घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है और वे सघन चिकित्सा इकाई में उपचाराधीन हैं। उपायुक्त ने कहा कि 14 घायल व्यक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू तथा 10 घायल व्यक्ति ज़िला अस्पताल कौशाम्बी में उपचाराधीन हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सोलन इस संबंध में कौशाम्बी जिला प्रशासन के साथ निरंतर सम्पर्क में है और सभी घायलों का समुचित उपचार सुनिश्चित बनाया जा रहा है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस घटना पर दुख जताते हुए प्रदेश के अधिकारियों को इस संबंध में उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ निरंतर सम्पर्क बनाए रखने के लिए जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सनातन का अपमान करना कांग्रेस की विरासत और फितरत भी है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के छोटे नेता से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सनातन धर्म को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश के लोगों द्वारा नकारे जाने से कांग्रेस की कुंठा सामने आ रही है और अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन के अपमान पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को देश में हो रहा विकास क्यों नजर नहीं आता जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि एक सौ 44 साल बाद आयोजित हो रहा महाकुम्भ लोगों की आस्था का केन्द्र है और अब तक यहां 15 करोड़ से ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि महाकुम्भ में करोड़ों लोगों के आने से अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस को सनातन के प्रति अपना नजरिया बदलने और सनातन का सम्मान करने की सलाह दी है।

## सम्मान

प्रदेश के लाहौल स्पिति जिले को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने और मत प्रतिशतता बढ़ाने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया है। उपायुक्त राहुल कुमार ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से ये सम्मान प्राप्त किया। देश के 9 जिला उपायुक्तों को इस अवार्ड से नवाजा गया है। उपायुक्त ने इस प्रतिष्ठित अवार्ड का श्रेय मतदाताओं, अधिकारियों व कर्मचारियों को दिया है। उन्होंने बताया कि लाहौल स्पिति जिले में वर्ष 2024 के चुनाव में सभी के सांझे प्रयासों से मत प्रतिशतता 76 प्रतिशत रही जिसमें पिछले लोकसभा चुनाव के मुकाबले 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ बना हुआ है जिससे तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक कल 29 जनवरी को राज्य के कई हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरान ऊना, बिलासपुर, बरथीं और हमीरपुर में लोगों को इस दौरान शीत लहर का सामना भी करना पड़ेगा।

## वायुसेना

राजधानी शिमला से संबंध रखने वाले भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर अंकित सूद को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए वायु सेना वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने अगस्त 2023 में कुल्लू ज़िले में खराब मौसम के बावजूद उड़ान के माध्यम से 12 गम्भीर रोगियों को सफलतापूर्वक पी.

जी.आई. चण्डीगढ़ पहुंचाया था। अंकित सूद ने इस दौरान अपने अदम्य साहस की बदौलत एक सच्चे वायु योद्धा के रूप में कार्य किया और आपदा में फंसे लोगों को राशन व मैडिकल किटें वितरित कीं।

## **" मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में अब तक 14 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी–मौनी अमावस्या पर कल होगा दूसरा अमृत स्नान।
- नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने हिमुडा को पर्यटन आधारित परियोजनाओं के निर्माण को प्राथमिकता प्रदान करने के दिए निर्देश।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस को सनातन के प्रति नजरिया बदलने व सम्मान देने की दी सलाह।
- प्रदेश में मौसम साफ रहने से तापमान में वृद्धि–मौसम विभाग ने कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की जताई सम्भावना।